# Multi Tasking Non Technical Staff and Havaldar CBIC and CBN Examination 2024

| | |
|---|---|
| Exam Date | 17/10/2024 |
| Exam Time | 4:00 PM - 5:30 PM |
| Subject | MTS Non Tech Havaldar CBIC and CBN Examination 2024 |

Section : **Numerical and Mathematical Ability**

**Q.1** एक व्यापारी ने एक वस्तु का मूल्य इसके क्रय मूल्य से 30% अधिक अंकित किया। उसने एक विशेष ग्राहक को 15% और 20% की दो क्रमिक छूट दी। परिणामस्वरूप, उसे ₹696 की हानि हुई। उसने वस्तु को ग्राहक को किस मूल्य पर बेचा?

**Ans** A). ₹7,805 B). ₹6,205 C). ₹5,304 D). ₹4,904 **Correct Answer: C**

**Q.2** एक आलमारी का विक्रय मूल्य, उसके क्रय मूल्य का $33\frac{1}{3}\%$ है। हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). $55\frac{1}{3}\%$ B). $44\frac{2}{3}\%$ C). $66\frac{2}{3}\%$ D). $33\frac{1}{3}\%$ **Correct Answer: C**

**Q.3** एक वायलिन तार की लंबाई इसके कंपन की आवृत्ति के व्युत्क्रमानुपाती है। 14 इंच लंबे वायलिन तार की आवृत्ति 450 चक्र प्रति सेकंड है। 12 इंच लंबे वायलिन तार की आवृत्ति ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 525 चक्र प्रति सेकेंड B). 515 चक्र प्रति सेकेंड C). 520 चक्र प्रति सेकेंड D). 510 चक्र प्रति सेकेंड **Correct Answer: A**

**Q.4** निम्नलिखित डेटा तालिका का संदर्भ लें और प्रश्न का उत्तर दें।

| सप्ताह के दिन | जॉगिंग की गई दूरी (kms में) |
|---|---|
| सोमवार | 3.5 |
| मंगलवार | 4 |
| बुधवार | 4.2 |
| गुरुवार | 5.3 |
| शुक्रवार | 6.1 |
| शनिवार | 3 |
| रविवार | 5.9 |

यदि 6 km जॉगिंग करने से 750 कैलोरी खर्च होती है, तो दिए गए सप्ताह में कितनी कैलोरी खर्च की गई?

**Ans** A). 3000 B). 4000 C). 3500 D). 2500 **Correct Answer: B**

**Q.5** एक व्यक्ति ने एक निश्चित धनराशि 6% वार्षिक साधारण ब्याज पर और एक अन्य धनराशि 8% वार्षिक साधारण ब्याज पर एक ही समय पर निवेश की। 4 वर्षों के बाद, उसे दोनों धनराशियों पर ₹1,560 का ब्याज प्राप्त हुआ। पहली धनराशि का पाँचवाँ हिस्सा (One-fifth), दूसरी धनराशि के छठे हिस्से (one-sixth) के बराबर है। निवेश की गई कुल धनराशि ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). ₹5,500 B). ₹6,000 C). ₹5,000 D). ₹4,500 **Correct Answer: A**

**Q.6** एक दुकानदार अपने माल पर उनके क्रय मूल्य से k% अधिक अंकित करता है। यदि दुकानदार 20% छूट देता है और फिर भी 25% का लाभ प्राप्त करता है, तो k का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 65.52% B). 56.25% C). 65.25% D). 56.52% **Correct Answer: B**

**Q.7** किस राशि (₹ में) पर 8% प्रति वर्ष की ब्याज दर से 2 वर्षों में ₹360 का साधारण ब्याज अर्जित होगा?

**Ans** A). 2250 B). 4500 C). 3000 D). 1125 **Correct Answer: A**

**Q.8** अमिताभ ने अपने छः इंटर-स्कूल मैचों में औसतन 72 रन बनाए हैं। अगले मैच में, उसने 96 रन बनाए। उसके संशोधित औसत रन (revised average score) कितने हैं?

**Ans** A). 74 B). 75.428 C). 75 D). 75.3

**Correct Answer: B**

**Q.9** यदि दो धनात्मक पूर्णांक x एवं y को $x = a^2b^3$ और $y= a^3b$ के रूप में लिखा जाता है; तथा a एवं b अभाज्य संख्याएँ हैं, तो महत्तम समापवर्तक (x, y) __________ है।

**Ans** A). ab B). $a^2b$ C). $a^2b^2$ D). $ab^2$

**Correct Answer: B**

**Q.10** 3 वर्षों के लिए 7% वार्षिक की ब्याज दर पर उधार ली गई राशि ₹3000 पर साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 590 B). 630 C). 670 D). 570

**Correct Answer: B**

**Q.11** 70 मानों का औसत 40 है। यदि प्रत्येक मान को 20 से गुणा किया जाए, तो परिवर्तित औसत क्या होगा?

**Ans** A). 60 B). 1400 C). 90 D). 800

**Correct Answer: D**

**Q.12** राइमा अपनी ₹35,000 की आय में से 14% की बचत करती है। उसका व्यय (₹ में) कितना है?

**Ans** A). 30100 B). 32000 C). 28600 D). 34000

**Correct Answer: A**

**Q.13** एक पुलिसकर्मी, एक चोर को 150 m की दूरी से देखता है। चोर भागने लगता है और पुलिसकर्मी उसका पीछा करता है। चोर और पुलिसकर्मी क्रमशः 8 m/s और 10 m/s की चाल से दौड़ते हैं। पकड़े जाने से पहले चोर द्वारा तय की गई दूरी ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 500 m B). 600 m C). 550 m D). 700 m

**Correct Answer: B**

**Q.14** 8 व्यक्तियों वाले एक समूह का औसत वजन 70 kg है। समूह में, एक नए व्यक्ति के शामिल होने के बाद, औसत वजन 72 kg हो जाता है। नए व्यक्ति का वजन (kg में) कितना है?

**Ans** A). 87 B). 89 C). 86 D). 88

**Correct Answer: D**

**Q.15** एक वर्ग की भुजा, दूसरे वर्ग की भुजा से 3 cm अधिक है और दोनों वर्गों के क्षेत्रफल का योग 225 $cm^2$ है। दोनों वर्गों के परिमाप का योग (cm में) ज्ञात करें।

**Ans** A). 64 B). 94 C). 84 D). 74

**Correct Answer: C**

**Q.16** यदि एक लंब वृत्तीय बेलन की ऊँचाई को समान रखते हुए उसके आधार की त्रिज्या को घटाकर एक-तिहाई कर दिया जाए, तो घटे हुए बेलन के आयतन और मूल बेलन के आयतन का अनुपात क्या होगा?

**Ans** A). 2 : 3 B). 1 : 2 C). 1 : 9 D). 2 : 4

**Correct Answer: C**

**Q.17** यदि ₹160 प्रति kg और ₹210 प्रति kg मूल्य वाली दो प्रकार की रेज़िन को 2 : 3 के अनुपात में मिलाया जाए, तो प्रति kg मिश्रण का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans** A). 200 B). 190 C). 185 D). 180

**Correct Answer: B**

**Q.18** 10 m आंतरिक व्यास वाला एक कुआँ 10 m की गहराई तक खोदा गया है। इसमें से निकाली गई मिट्टी को चबूतरा बनाने के लिए कुएं के चारों ओर 12 m की चौड़ाई तक फैला दिया जाता है। चबूतरे की ऊँचाई (m में, दशमलव के 2 स्थान तक पूर्णांकित) कितनी होगी?

**Ans** A). 0.88 B). 1.02 C). 0.95 D). 1.12


**Correct Answer: C**

**Q.19** एक पुलिसकर्मी को 450 m की दूरी पर एक चोर दिखाई देता है। चोर भागने लगता है और पुलिसकर्मी उसका पीछा करता है। चोर और पुलिसकर्मी क्रमशः $10\frac{1}{2}$ km/h और $12\frac{1}{2}$ km/h की चाल से दौड़ते हैं। 3 मिनट बाद उनके बीच की दूरी क्या होगी?

**Ans** A). 100 m B). 150 m C). 200 m D). 350 m

**Correct Answer: D**

**Q.20** निम्नलिखित ग्राफ का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें और इसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।




दिए गए वर्षों में निम्नलिखित में से किस वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन में प्रतिशत वृद्धि सबसे अधिक थी?

**Ans** A). 1995 B). 1990 C). 1991 D). 1993

**Correct Answer: B**

Section : **Reasoning Ability and Problem Solving**


**Q.1** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**PKQ, OJP, NIO, MHN, ?**


**Ans** A). MGL B). LGM C). LGN D). NGL


**Correct Answer: B**


**Q.2** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जो प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर आएगी और श्रृंखला को तार्किक रूप से पूरा करेगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

**Q.3** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी दरवाजे, ताले हैं।
कुछ ताले, हैंडल हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी हैंडल, ताले हैं।
(II) कोई दरवाजा, हैंडल नहीं है।

**Ans** A). दोनों निष्कर्ष (I) और (II) अनुसरण करते हैं B). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है C). न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है

**Correct Answer: C**

**Q.4** दिए गए समीकरण को सही करने के लिए किन दो चिह्नों को आपस में बदला जाना चाहिए?

**11 × 7 − 48 + 6 ÷ 37 = 106**

**Ans** A). + और × B). − और + C). ÷ और + D). − और ×

**Correct Answer: C**

**Q.5** एक कूट भाषा में, 'I want food' को 'sickota dongre dujubu' के रूप में लिखा जाता है, 'I want drink' को 'bluto sickota dujubu' के रूप में लिखा जाता है, 'food and drink' को 'dongre peppin bluto' के रूप में लिखा जाता है, तो इसी कूट भाषा में शब्द 'peppin' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans** A). food B). and C). I D). drink

**Correct Answer: B**

**Q.6** T, N, S, P, R और M एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। S, T के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। S और R के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। M, S का निकटतम पड़ोसी नहीं है। P, R के दाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। N के दाएँ से गिनती करने पर, N और M के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). चार B). तीन C). दो D). एक

**Correct Answer: C**

**Q.7** एक निश्चित कूट भाषा में, 'apple pen card' को '136' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है, 'doctor no apple' को '243' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'card is blocked' को '695' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'apple' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans** A). 4 B). 6 C). 1 D). 3

**Correct Answer: D**

**Q.8** निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

255, 248, 241, 234, 227, ?

**Ans** A). 220 B). 217 C). 221 D). 207


**Correct Answer: A**

**Q.9** LQ87 एक निश्चित तरीके से VA55 से संबंधित है। QV59 उसी तरीके से AF27 से संबंधित है। उसी तर्क का पालन करते हुए, BG49 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?


**Ans** A). LQ19 B). QL17 C). LQ18 D). LQ17


**Correct Answer: D**


**Q.10** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





**Ans**

A). 

B). 

C). 

D). 

**Correct Answer: D**

**Q.11** यदि '+' और '–' को आपस में बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

45 × 3 + 9 – 18 ÷ 1 = ?

**Ans** A). 6 B). 15 C). 12 D). 24

**Correct Answer: D**

**Q.12** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी पत्तागोभियाँ, गुलाब हैं।
सभी पत्तागोभियाँ, ट्यूलिप हैं।

निष्कर्ष:
(I) कम से कम कुछ ट्यूलिप, गुलाब हैं।
(II) सभी गुलाब, पत्तागोभियाँ हैं।

**Ans** A). न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है। C). केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है। D). निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

**Correct Answer: B**

**Q.13** निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, दूसरी संख्या, पहली संख्या पर कुछ निश्चित गणितीय संक्रियाएँ करके प्राप्त की जाती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ ठीक उसी प्रकार संबंधित हैं, जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**11, 66**
**26, 156**

**Ans** A). 15, 75 B). 26, 152 C). 18, 108 D). 20, 130

**Correct Answer: C**

---

**Q.14** A, B, C, D, E, F और G एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। F, A के बाएँ से तीसरे स्थान पर बैठा है। A, G के बाएँ से दूसरे स्थान पर बैठा है। G, E के ठीक दाएँ बैठा है। B, D के ठीक बाएँ बैठा है। E के सापेक्ष F का स्थान क्या है?

**Ans** A). बाएँ से दूसरा B). दाएँ से तीसरा C). ठीक दाएँ D). ठीक बाएँ

**Correct Answer: B**

---

**Q.15** KB 9 एक निश्चित प्रकार से ED 2 से संबंधित है। ठीक उसी प्रकार XF 11, RH 4 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, UH 8 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

**Ans** A). OK 1 B). OK 3 C). OJ 3 D). OJ 1

**Correct Answer: D**

---


**Q.16** एक निश्चित कूट भाषा में, 'LIKE' को '4682' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'BEAM' को '1358' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए कूट क्या है?

**Ans** A). 5 B). 2 C). 3 D). 8

**Correct Answer: D**

---

**Q.17** दी गई आकृति के उस सही दर्पण प्रतिबिंब को चुनिए, जो नीचे दर्शाए गए अनुसार दर्पण को MN पर रखने पर बनेगा।





**Ans** A).  B).  C). 





D). 

**Correct Answer: A**

---

**Q.18** उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए, जिसमें दी गई आकृति उसके भाग के रूप में सन्निहित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।



**Ans** A).  B).  C).  D). 

**Correct Answer: A**

**Q.19** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए 326, 335 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए 419, 428 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 566 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

(ध्यान दें: संख्याओं को उनके घटक अंकों में अलग-अलग किए बिना पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएं की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए संख्या 13 - संख्या 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 को जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में अलग-अलग करने की और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans** A). 599 B). 575 C). 582 D). 571 **Correct Answer: B**

**Q.20** एक निश्चित कूट भाषा में, 'TREE' को 'POCD' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'FOOT' को 'BLMS' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी भाषा में 'MIND' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans** A). IEKD B). JEKD C). IFLC D). JFLD **Correct Answer: C**

## Section : General Awareness

**Q.1** एसिटिलीन (acetylene) के कार्बन परमाणु में 's' प्रकृति का प्रतिशत कितना होता है?

**Ans** A). 25% B). 50% C). 75% D). 33.33% **Correct Answer: B**

**Q.2** ऊँची कूद के खिलाड़ी को एक निश्चित ऊंचाई को पार करने के कितने मौके मिलते हैं?

**Ans** A). चार मौके B). तीन मौके C). छः मौके D). दो मौके **Correct Answer: B**

**Q.3** निम्नलिखित में से किसने पंथी लोक नृत्य (Panthi folk dance) के लिए पद्म श्री 2021 प्राप्त किया?

**Ans** A). राधे श्याम बार्ले B). गुलफाम अहमद C). जगदीश चौधरी D). भूरी बाई **Correct Answer: A**

**Q.4** भारत ने 'राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम (National Social Assistance Programme)' कब आरंभ किया था?

**Ans** A). 1995 B). 1985 C). 2000 D). 1990 **Correct Answer: A**

**Q.5** निम्नलिखित में से कौन सा कथन राज्यसभा के संदर्भ में सही है?

**Ans** A). इसे संसद के निचले सदन के रूप में जाना जाता है। B). सभी सदस्य सीधे जनता द्वारा चुने जाते हैं। C). सदस्यों का कार्यकाल 5 वर्ष होता है। D). इसे काउंसिल ऑफ स्टेट्स के रूप में जाना जाता है। **Correct Answer: D**

**Q.6** निम्नलिखित में से कौन-से मौलिक अधिकार में मानव दुर्व्यापार और बेगार शामिल है?

**Ans** A). स्वतंत्रता का अधिकार B). सांस्कृतिक और शैक्षिक अधिकार C). समानता का अधिकार D). शोषण के विरुद्ध अधिकार **Correct Answer: D**

**Q.7** औस' ('Aus'), 'अमन' ('Aman') और 'बोरो' ('Boro') शब्दावली भारत की किस फसल से संबंधित है?

**Ans** A). गेहूँ (Wheat) B). मक्का (Maize) C). धान (Paddy) D). जूट (Jute) **Correct Answer: C**

**Q.8** निम्नलिखित में से किसने 1873 में सत्यशोधक समाज की स्थापना की थी?

**Ans** A). विनोबा भावे B). ज्योतिबा फुले C). गोपाल गणेश आगरकर D). विनायक दामोदर सावरकर **Correct Answer: B**

**Q.9** एनोरेक्सिया नर्वोसा (Anorexia Nervosa) एक खाना खाने संबंधी विकार है, जिसके लक्षण, ____________ है।
a) शरीर का असामान्य रूप से भारी वजन
b) वजन कम होने का अत्यधिक भय
c) वजन की विकृत धारणा
d) अत्यधिक व्यायाम करके वजन कम करने का प्रयत्न करना

**Ans** A). a और c B). c और d C). b और c D). a और b **Correct Answer: B**

**Q.10** व्हेल निम्नलिखित में से किस समूह से संबंधित हैं?

**Ans** A). स्तनधारी (Mammalia) B). पिसीज (Pisces) C). आर्थ्रोपोड़ा (Arthropoda) D). उभयचर (Amphibia) **Correct Answer: A**

**Q.11** निम्नलिखित में से किस मुगल सम्राट ने अपनी पत्नी मेहरुन्निसा (Mehrunnisa) के सम्मान में चांदी के सिक्के जारी किए थे?

**Ans** A). अकबर B). औरंगजेब C). हुमायूं D). जहांगीर **Correct Answer: D**

**Q.12** हड़प्पा सभ्यता में, शहरों की योजना ऐसी सड़कों के साथ बनाई गई थी जो आमतौर पर _________ दिशाओं के अनुदिश उन्मुख थीं।

**Ans** A). प्रधान (cardinal) B). क्रमिक (ordinal) C). अज्ञात (incognito) D). गुमनाम (anonymous) **Correct Answer: A**

**Q.13** निम्नलिखित में से किस राज्य में अच्छी फसल के लिए संतूरा देवी को धन्यवाद देने के लिए बिस्सू मेला (Bissu Mela) आयोजित किया जाता है?

Ans A). पंजाब B). हिमाचल प्रदेश C). हरियाणा D). उत्तराखंड

Correct Answer: D

**Q.14** मुद्रा (MUDRA) द्वारा किस प्रकार का ऋण दिया जाता है?

Ans A). रियल एस्टेट ऋण (Real estate loan) B). गैर-कृषि ऋण (Non-farm loan) C). कॉर्पोरेट ऋण (Corporate loan) D). प्राथमिक ऋण (Primary loan)

Correct Answer: B

**Q.15** निम्नलिखित में से किसने एशियाटिक सोसाइटी ऑफ़ बंगाल (Asiatic Society of Bengal) की स्थापना की थी?

Ans A). रॉबर्ट क्लाइव (Robert Clive) B). वॉरेन हेस्टिंग्स (Warren Hastings) C). विलियम जोन्स (William Jones) D). हेनरी कोलब्रुक (Henry Colebrook)

Correct Answer: C

**Q.16** तेकवाड़ा (Tekwada) नामक लौह युग स्थल ________ में स्थित है।

Ans A). मध्य प्रदेश B). आंध्र प्रदेश C). महाराष्ट्र D). तमिलनाडु

Correct Answer: C

**Q.17** निम्नलिखित में से किस जनगणना दशक में भारत में सबसे अधिक जनसंख्या वृद्धि दर (प्रतिशत में) दर्ज की गई?

Ans A). 1941-1951 B). 1971-1981 C). 2001-2011 D). 1961-1971

Correct Answer: D

**Q.18** रवीन्द्रनाथ टैगोर ने ___________ को नृत्य साम्राज्ञी (Nritya Samragini) कहा, जिसका अनुवाद 'नृत्य की महारानी' है।

Ans A). गंगू बाई B). रुक्मिणी अरुंडेल C). मृणालिनी साराभाई D). सितारा देवी

Correct Answer: D

**Q.19** बुद्धदेव दासगुप्ता (Buddhadev Dasgupta) निम्नलिखित में से किस वाद्ययंत्र के प्रसिद्ध वादक थे?

Ans A). संतूर B). सरोद C). सितार D). सुरबहार

Correct Answer: B

**Q.20** हिंदी उपन्यास 'कोहरे में कैद रंग' के लेखक कौन हैं?

Ans A). उदय प्रकाश B). गोविंद मिश्रा C). चित्रा मुद्गल D). कमलेश्वर

Correct Answer: B

**Q.21** 2023 में आयोजित किस राष्ट्रीय खेल आयोजन का शुभंकर 'उज्ज्वला' था?

Ans A). खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023 B). खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023 C). नेशनल गेम्स 2023 D). खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2022

Correct Answer: B

**Q.22** केंद्रीय बजट 2023 में, मछुआरों, मछली विक्रेताओं और सूक्ष्म और लघु उद्यमों की गतिविधियों को सक्षम करने के लिए ₹6,000 करोड़ के निवेश के साथ निम्नलिखित में से किस योजना की एक उप-योजना प्रस्तावित की गई है?

Ans A). पीएम मुद्रा योजना B). पीएम मत्स्य सम्पदा योजना C). पीएम फसल बीमा योजना D). पीएम उज्ज्वला योजना

Correct Answer: B

**Q.23** निम्नलिखित में से कौन-सा भारत का एक भूआकृतिक विभाजन (physiographic division) नहीं है?

Ans A). तिब्बती पठार B). उत्तरी मैदान C). हिमालय पर्वत D). प्रायद्वीपीय पठार

Correct Answer: A

**Q.24** जून 2022 में, एकनाथ संभाजी शिंदे निम्नलिखित में से किस राज्य के मुख्यमंत्री बने?

Ans A). हरियाणा B). गुजरात C). महाराष्ट्र D). राजस्थान

Correct Answer: C

**Q.25** दुर्बल गर्म तूफान जो समय के साथ प्रबल होते जाते हैं और अंततः विशाल तूफान या प्रचंड तूफान में परिवर्तित हो जाते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा जलवायु क्षेत्र ऐसे तूफानों का उद्गम स्थल है?

Ans A). अर्धशुष्क जलवायु क्षेत्र B). महाद्वीपीय जलवायु क्षेत्र C). उष्णकटिबंधीय जलवायु क्षेत्र D). शुष्क जलवायु क्षेत्र

Correct Answer: C

## Section : English Language and Comprehension

**Q.1** Select the most appropriate to substitute the underlined word in the given sentence.
Rohit asked Nita what was the most <u>intriguing</u> book she has read recently.

Ans A). tedious B). encircled C). arraigned D). subdued

Correct Answer: A

**Q.2** Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.

My brother asked me, "Can I exchange <u>my phone from you</u>?"

Ans A). my phone off yours B). my phone within yours C). my phone since yours D). my phone with yours

Correct Answer: D

**Q.3 Select the grammatically correct sentence.**

**Ans** A). The intrepid explorer stumbled upon the uncharted cavern deep within the heart of the rainforest.

B). The intrepid explorer stumbled upon an uncharted cavern deep within a heart of the rainforest.

C). An intrepid explorer stumbled upon the uncharted cavern deep within a heart of the rainforest.

D). An intrepid explorer stumbled upon an uncharted cavern deep within the heart of the rainforest.

**Correct Answer: D**

**Q.4 Read the sentence given below and identify if there is an error in it. The error can be in any segment of the sentence which are marked A, B, C, and D. Select option D if there is 'No error'.**
**(A) She sings / (B) the song / (C) beautiful in the party / (D) No error.**

**Ans** A). D B). B C). A D). C

**Correct Answer: D**

**Q.5 Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an error.**

**Rose painted the most beautifullest picture ever at the art class today!**

**Ans** A). art class today! B). Rose painted C). the most beautifullest D). picture ever at the

**Correct Answer: C**

**Q.6 Select the INCORRECTLY spelt word...**

**Ans** A). Comfortable B). Battle C). Cheerful D). Depresed

**Correct Answer: D**

**Q.7 Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence.**

**Everyone disliked the new CEO, Kushal, but nobody is ready to <u>put themselves in dangerous situation</u> by telling him their feelings.**

**Ans** A). pull a long face B). bell the cat C). sit on the fence D). rule the roost

**Correct Answer: B**

**Q.8 Select the INCORRECTLY spelt word.**

**Ans** A). Arrangement B). Kerbstone C). Inflamous D). Subjugator

**Correct Answer: C**

**Q.9 Select the most appropriate idiom that can substitute the underlined segment in the given sentence.**
**Most women are <u>facing the same problem</u> when it comes to job satisfaction because of the pay parity in institutions.**

**Ans** A). comparing apples to oranges B). a drop in the ocean C). in the same boat D). armchair experts

**Correct Answer: C**

**Q.10 Correct the underlined part of the sentence.**

**This mango is <u>bitterer</u>.**

**Ans** A). bitterest B). most bitter C). bitter D). more bitter

**Correct Answer: C**

**Q.11 Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**one who does something for pleasure**

**Ans** A). Atheist B). Hedonist C). Anarchist D). Aggressor

**Correct Answer: B**

**Q.12 Select the grammatically correct sentence..**

**Ans** A). A traffic on the highway was heavy during an evening. B). The traffic on a highway was heavy during an evening.

C). The traffic on the highway was heavy during the evening. D). The traffic on the highway was heavy during an evening.

**Correct Answer: C**

**Q.13 Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**

**Even if an unlaced shoe is spotless, it is not <u>neat</u>.**

**Ans** A). agile B). forged C). soiled D). requisite

**Correct Answer: C**

**Q.14 Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word.**
**Raju is <u>lazy</u> and smart, but he does not attend the classes.**

**Ans** A). genius B). lax C). industrious D). snobbish

**Correct Answer: C**

**Q.15 Select the INCORRECTLY spelt word..**

**Ans** A). Believe B). Conscious C). Occurrance D). Receive

**Correct Answer: C**

**Q.16** **Select the option that expresses the given sentence in future perfect tense form.**

**I hope you wash all the clothes before you come into the house again.**

**Ans** A). I hope you shall wash all the clothes before you come into the house again

B). I hope you will have washed all the clothes before you come into the house again.

C). I hope you will have wash all the clothes before you come into the house again.

D). I hope you will be washing all the clothes before you come into the house again.

**Correct Answer: B**

**Q.17** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**I am calling to thank you _________ the present you sent.**

**Ans** A). of B). with C). in D). for

**Correct Answer: D**

**Q.18** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**He pressed the _________ just in time to avoid the accident.**

**Ans** A). beak B). brake C). bike D). break

**Correct Answer: B**

**Q.19** **Select the most appropriate synonym of the underlined word in the given sentence.**

**Any declarations or practices of religious <u>antipathy</u> against ethnic minorities in a democratic country should not be tolerated.**

**Ans** A). Enmity B). Devaluation C). Conformity D). Passivity

**Correct Answer: A**

**Q.20** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**The ancient Greeks and pagans used to worship natural _________ as Gods and Goddesses.**

**Ans** A). impulses B). instincts C). mixtures D). elements

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Newspapers are like mirrors (1)___________ the diverse facets of society, capturing the voices, stories, and events that define our shared human experience. They serve as a forum (2)___________ dialogue, debate, and discussion, amplifying voices from all walks of life and fostering (3)___________ sense of community. Beyond reporting news, newspapers also celebrate achievements, highlight cultural (4)___________, and showcase human resilience in the face of adversity. They are archives of history, chronicling the triumphs and trials of generations, and serving as a reminder of how far we have come and how much further we can go. In an age of digital transformation, newspapers continue to (5)___________, adapting to new mediums while upholding the core values of journalism: accuracy, integrity, and accountability.

**SubQuestion No : 21**

**Q.21** **Select the most appropriate option to fill in blank number 1.**

**Ans** A). reflects B). reflecting C). reflected D). reflect

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Newspapers are like mirrors (1)___________ the diverse facets of society, capturing the voices, stories, and events that define our shared human experience. They serve as a forum (2)___________ dialogue, debate, and discussion, amplifying voices from all walks of life and fostering (3)___________ sense of community. Beyond reporting news, newspapers also celebrate achievements, highlight cultural (4)___________, and showcase human resilience in the face of adversity. They are archives of history, chronicling the triumphs and trials of generations, and serving as a reminder of how far we have come and how much further we can go. In an age of digital transformation, newspapers continue to (5)___________, adapting to new mediums while upholding the core values of journalism: accuracy, integrity, and accountability.

**SubQuestion No : 22**

**Q.22** **Select the most appropriate option to fill in blank number 2.**

**Ans** A). into B). for C). by D). on

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Newspapers are like mirrors (1)___________ the diverse facets of society, capturing the voices, stories, and events that define our shared human experience. They serve as a forum (2)___________ dialogue, debate, and discussion, amplifying voices from all walks of life and fostering (3)___________ sense of community. Beyond reporting news, newspapers also celebrate achievements, highlight cultural (4)___________, and showcase human resilience in the face of adversity. They are archives of history, chronicling the triumphs and trials of generations, and serving as a reminder of how far we have come and how much further we can go. In an age of digital transformation, newspapers continue to (5)___________, adapting to new mediums while upholding the core values of journalism: accuracy, integrity, and accountability.

**SubQuestion No : 23**

**Q.23** **Select the most appropriate option to fill in blank number 3.**

**Ans** A). No article required B). the C). an D). a

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Newspapers are like mirrors (1)___________ the diverse facets of society, capturing the voices, stories, and events that define our shared human experience. They serve as a forum (2)___________ dialogue, debate, and discussion, amplifying voices from all walks of life and fostering (3)___________ sense of community. Beyond reporting news, newspapers also celebrate achievements, highlight cultural (4)___________, and showcase human resilience in the face of adversity. They are archives of history, chronicling the triumphs and trials of generations, and serving as a reminder of how far we have come and how much further we can go. In an age of digital transformation, newspapers continue to (5)___________, adapting to new mediums while upholding the core values of journalism: accuracy, integrity, and accountability.

**SubQuestion No : 24**

**Q.24** **Select the most appropriate option to fill in blank number 4.**

**Ans** A). richly B). richer C). richest D). richness

**Correct Answer: D**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Newspapers are like mirrors (1)___________ the diverse facets of society, capturing the voices, stories, and events that define our shared human experience. They serve as a forum (2)___________ dialogue, debate, and discussion, amplifying voices from all walks of life and fostering (3)___________ sense of community. Beyond reporting news, newspapers also celebrate achievements, highlight cultural (4)___________, and showcase human resilience in the face of adversity. They are archives of history, chronicling the triumphs and trials of generations, and serving as a reminder of how far we have come and how much further we can go. In an age of digital transformation, newspapers continue to (5)___________, adapting to new mediums while upholding the core values of journalism: accuracy, integrity, and accountability.

**SubQuestion No : 25**

**Q.25** **Select the most appropriate option to fill in blank number 5.**

**Ans** A). evolve B). revolve C). involve D). dissolve

**Correct Answer: A**